शेयर बाजार धड़ाम, रुपये में रिकॉर्ड गिरावट

मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भी भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1000 अंकों से अधिक लुढ़क गया। निफ्टी ने भी 345 अंक का गोता लगा दिया। इससे निवेशकों के 12.61 लाख करोड़ रुपये डूब गए। रुपये में भी एक दिन में दो साल की सबसे बड़ी गिरावट हुई। रुपया 66 पैसे लुढ़ककर 86.70 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

बाजार में मचे हाहाकार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सेसेंक्स और निफ्टी सात माह के निचले स्तर पर आ गए हैं। सेंसेक्स 77000 अंक से नीचे आ गया है। वहीं, निफ्टी भी 23,000 के निचले स्तर के करीब पहुंच गया है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद धूमिल हो गई है, जिससे वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली हुई। इसका असर बाजारों पर पड़ा।

इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,869 अंक यानी 2.39% की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को कुल 24.69 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सेंसेक्स 1048.90 अंक अर्थात 1.36 प्रतिशत का गोता लगाकर सात महीने बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 76,330.01 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 11 जून 2024 को 76,456.59 अंक पर रहा था। विश्लेषकों का कहना है कि गिरावट के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं।

गिरते रुपये से वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे: अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी 66 पैसे की गिरावट के साथ 86.70 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

3562

सेंसेक्स के शेयरों में गिरावट, 555 शेयरों में ही तेजी रही

2525

निफ्टी के शेयरों में गिरावट, 326 शेयरों में ही तेजी

सोमवार को कितना नुकसान

- 13 लाख करोड़ निवेशकों के डूबे एक दिन में
- 500 शेयर बीएसई के एक साल के निचले स्तर पर पहुंचे, 700 से ज्यादा में निचला सर्किट लगा
- 80 शेयर 20 से 55 फीसदी तक टूटे एक साल की ऊंचाई से
- 06 सत्रों में गिरावट रही जनवरी के कुल नौ सत्रों में, 2.3 फीसदी टूटे चुके बाजार जनवरी में अब तक

निफ्टी-50 का बीते एक साल का रिटर्न

- –2.25% : बीते एक सप्ताह में
- –6.8% : बीते एक माह में
- –8.13% : बीते तीन माह में
- –6.11% : बीते छह माह में
- 4.47% : बीते एक साल में

बाजार, रुपये में कमजोरी की नौ प्रमुख वजहें

1. कच्चे तेल का संकट
2. रुपये में तेज गिरावट
3. ट्रंप को लेकर विदेशी निवेशकों में अनिश्चितता बढ़ी
4. वैश्विक बाजारों में विदेशियों की ताबड़तोड़ बिकवाली
5. निवेशकों का सतर्क रुख
6. ब्याज दरों को लेकर चिंता
7. ब्याज कटौती को लेकर आरबीआई पर नजरें
8. तिमाही नतीजों में गिरावट की आशंका
9. जीडीपी की सुस्त रफ्तार

सोने में लगातार पांचवें दिन तेजी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और आज इसकी कीमत 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी लगातार दूसरे सत्र में 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज

हवामहल के पास, बड़ीचौपड़, जयपुर, राजस्थान-302002

क्रमांक :- एफ-6 ( )राजस्व प्रथम शाखा/ला.शाखा/जननी/हैरिटेज/2024/533 दिनांक :- 13/01/2025

ई-ऑक्शन (पार्किंग) विज्ञप्ति सं. 13/2024-25

नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा सार्वजनिक पार्किंग स्थल पर पेड पार्किंग के लिए पार्किंग साईट का ई–ऑक्शन निम्नानुसार किया जाना हैः–

क्र. सं.		पार्किंग स्थल का नाम	न्यूनतम बोली राशि
1.		1. शालीमार बाग संगम टॉवर	10,37,000/–
2.	ई–नीलामी भागीदारी शुल्क	5,000/–रूपयें+GST (ऑनलाईन प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग–अलग) अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE)	
3.	ई–नीलामी अमानता राशि	10 प्रतिशत न्यूनतम नीलामी बोली/प्रारम्भिक नीलामी बोली राशि का (प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग–अलग)	
4.	ई–नीलामी भागीदारी शुल्क जमा कराने की दिनांक व समय	11.01.2025 से 22.01.2025 सायं 04:00 बजे तक	
5.	ई–नीलामी अमानता राशि जमा कराने की दिनांक व समय	11.01.2025 से 22.01.2025 सायं 06:00 बजे तक	
6.	ई–नीलामी बोली प्रारम्भ करने एवं समाप्ति की दिनांक	23.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक (अंतिम 05 मिनट में बोली लगने की स्थिति में 15 मिनट की वृद्धि की जावेगी।	

इच्छुक बोली दाता ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाईन पंजीयन शुल्क रूपयें 1000/–रूपये +GST जमा करवाकर पंजीयन करवा सकते हैं।

1. ई–नीलामी की शर्तो व पार्किंग स्थलों के नक्शों का अवलोकन ऑनलाईन या किसी भी कार्यदिवस में अद्योहस्ताक्षरर्ता के कार्यालय में कमरा नं– 274 में किया जा सकता हैं।
2. ई–ऑक्शन कार्यक्रम, शर्ते, अमानता राशि, भागीदारी राशि तथा ई–नीलामी बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी हेतु नीलामी वेब साईट **jaipurmcheritage.org** में (E-Auction) पर देखी जा सकती हैं।
3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा जानकारी हेतु श्री प्रेम प्रकाश झिंगिनिया (एनालिस्ट–कम–प्रोगामर), दूरभाष नं. 9887764012 श्री विशाल (कनिष्ठ सहायक), दूरभाष नं 7610836024 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उपायुक्त राजस्व (प्रथम)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/24/10274

भारतीय स्टेट बैंक

स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना-800 001

सूचना

बिहार एवं झारखंड के लिए वास्तुविदों/परामर्शदाताओं को सूचीबद्ध करना

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना प्रतिष्ठित वास्तुविदों/ वास्तुविदों के फर्मो/परामर्शदाताओं से सिविल/विद्युत/ एयर-कंडीशनिंग/ फायर-फाइटिंग एवं इंटीरियर-फर्नीशिंग के कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित करता है ताकि उन्हें बिहार एवं झारखंड के हमारे विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में कार्य हेतु सूचीबद्ध किया जा सके। वैसे वास्तुविदों/फर्मों के वास्तुविदों/ परामर्शदाताओं जो पहले से ही हमारे सूची में है उन्हें भी अपना आवेदन पत्र नए सिरे से जमा करने होंगे। इच्छुक आवेदक हमारे वेबसाइट **https://sbi.co.in** के/पर "Procurement news" तथा **https://bank.sbi** के/पर "Procurement news" के अंतर्गत नोटिस एवं प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी डाउनलोड कर सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम **तिथि 29.01.2025** तक है।

सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं संपदा)
दूरभाष : 0612-2820820

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India

Since 1961

परिसमापक द्वारा तैयार जमा बीमा दावों में अज्ञात और लापता जमाकर्ता

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डी.आई.सी.जी.सी) परिसमापक द्वारा तैयार किए गए जमा बीमा दावों का निपटान डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 17 और 18 में निहित प्रावधानों के अनुसार करता है। परिसमापक द्वारा अज्ञात (जमाकर्ता जिन्हें मुख्य दावे की मंजूरी के समय केवाईसी दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण भुगतान नहीं किया गया था)/लापता (जिन जमाकर्ताओं के दावों को मंजूरी दे दी गयी थी, लेकिन वे वितरित नहीं किए गए और डीआईसीजीसी को वापस कर दिए गए) चिन्हित किए गए बीमित जमाकर्ताओं के दावों के लिए डीआईसीजीसी द्वारा प्रावधान किया गया है। सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और बैंकों (31 दिसंबर 2014 से पहले परिसमाप्त) के परिसमापकों को अनुदेश जारी किए गए है कि वे ऐसे जमाकर्ताओं से संपर्क करें और दावे, यदि कोई हों, डीआईसीजीसी को प्रस्तुत करें। इन बैंकों के जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे भुगतान न किए गए दावों के मामले में आधिकारिक रूप से वैध पहचान दस्तावेज़/दस्तावेजों के साथ संबंधीत परिसमापकों से संपर्क करें। बैंकों की सूची डीआईसीजीसी की वेब्साइट www.dicgc.org.in पर उपलब्ध है।

"पैसे देने का वादा करने वाले ईमेल/एसएमएस/कॉल से धोखा न खाएं"

दिसंबर में खाद्य महंगाई ने दी राहत, नौ फीसदी से नीचे उतरी

खुदरा महंगाई चार माह के निचले स्तर पर आई

राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। सब्जियों एवं अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें कम होने से दिसंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 5.22 प्रतिशत पर आ गई, जो चार महीने का सबसे निचला स्तर है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई।

खुदरा महंगाई नवंबर में 5.48 प्रतिशत और दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, दिसंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.39 प्रतिशत रही, जो नवंबर में 9.04 प्रतिशत और दिसंबर 2023 में 9.53 प्रतिशत थी।

आरबीआई ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने खाद्य कीमतों पर दबाव के कारण अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में कुल मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने की भी आशंका जताई थी।

एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर 2024 में सब्जियों, दालों एवं उत्पादों, चीनी एवं मिष्ठान्न, और अनाज एवं उत्पादों की मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य कीमतों ने हाल के महीनों में महंगाई को ऊंचा रखा है। हालांकि, गर्मियों की फसल की बंपर पैदावार के कारण उनमें राहत आनी शुरू हो गई है।

बीते सात महीने में मुद्रास्फीति में ऐसे रहा उतार-चढ़ाव



फरवरी में कम हो सकती है ब्याज दर

खुदरा महंगाई घटने से आरबीआई फरवरी में होने वाले मौद्रिक पॉलिसी की बैठक में रेपो रेट में कटौती का ऐलान कर सकता है। लंबे समय से रेपो रेट में कटौती की मांग हो रही है। हालांकि, महंगाई अधिक होने के चलते यह फैसला अटका हुआ है अब उम्मीद है कि फरवरी में लोन सस्ता हो सकता है।

रूस से आने वाले कच्चे तेल में दो महीने व्यवधान की आशंका नहीं

नई दिल्ली। भारत को अगले दो महीनों तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति में किसी व्यवधान की आशंका नहीं है लेकिन इसकी तेल रिफाइनरी अमेरिका के नए प्रतिबंधों की जद में आए तेल टैंकरों से आपूर्ति लेने से परहेज कर सकती हैं। सोमवार को एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने शुक्रवार को रूस के तेल निर्यात के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। इन पाबंदियों ने रूसी तेल उत्पादकों गैजप्रॉम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टगास के साथ रूसी तेल ले जाने वाले 183 जहाजों को अपनी जद में लिया है।

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड
For Enquiry Call
0121-4201804

● चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रेणियां

● मेडिकल

SEX
PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹999 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोड़िया पुल चौक,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: ✆8527001155

● व्यापार

● ज्योतिष

शक्ति चमत्कार दैखे घर बैठे
जिन्दगी मे हँसना सिखा दुंगा
घर बैठे सभी समस्याओं का समाधान करवाए
गुरु पाशा जी बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
सबसे पहले काम करने का वादा
71 शक्तियों के माहिर
पति पत्नी मे लड़ाई, तलाक, गृह क्लेश, औलाद न होना, सौतन या दुश्मन से छुटकारा कारोबार में अड़चन विदेश यात्रा, लव मैरीज, माता पिता या प्यार को मनाना, लड़का, लड़की को अपने वश मे करे।
स्पेशलिस्ट मुठकरनी
काम न होने पर पैसे वापस
अगर किसी का पति-पत्नि, बेटा-बेटी किसी के वश मे हो तो अवश्य सम्पर्क करें।
6397274401

● ऋण/ आय

लोन एक सुनहरा अवसर है
Online तुरन्त लें
लोन
न्यूनतम ब्याज अधिकतम छूट
C.C.O.D. LIMIT लोन लेकर पैसे की समस्या से हमेशा के लिये छुटकारा पाएं किसान महिला बुजुर्ग के लिए विशेष सौगात
लाखों सन्तुष्ट ग्राहक/एजेंट के लिये विशेष ऑफर
पहले आएं पहले पाएं अभी कॉल करें
7599558876

● नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम दिलशाद (Dilshad) पुत्र श्री अब्दुल कय्युम (Abdul Kayyum) से बदलकर दिलशाद मलिक (Dilshad Malik) S/o Abdul Kayyum रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। Dilshad Malik S/o Abdul Kayyum निवासी म.न. 8/3785ए खाताखेड़ी निकट फरमान मस्जिद मेन रोड सहारनपुर।

मेरे शैक्षिक दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Rajneesh Ahlawat दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम Rajnish Ahlawat है। Chhavi Ahlawat, 245, सरकुलर रोड मेरठ कैंट।

● खोया- पाया

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2017 ,अनुक्रमांक2801463 व इंटरमी -डिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0569638 यू पी बोर्ड , बी एस सी तृतीय वर्ष ,2023 अनुक्रमांक 210037421205 एम जे पी वि वि बरेली का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। संदीप कुमार पुत्र दयाराम सिंह ग्राम धींगरपुर स्योहारा बिजनौर।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच–पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

जीएसटी अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह बताकर रसीद लेनी होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को अब अपराधियों को गिरफ्तारी के आधार के बारे में बताने के साथ उनसे लिखित पावती भी लेनी होगी।

सीबीआईसी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के तहत दंडनीय अपराधों के संबंध में गिरफ्तारी और जमानत से संबंधित दिशा-निर्देशों में ये संशोधन किए हैं। सीबीआईसी ने कहा, गिरफ्तार किए जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में समझाया जाना चाहिए और गिरफ्तारी ज्ञापन के संलग्नक के तौर पर उसे लिखित रूप में भी दिया जाना चाहिए। गिरफ्तारी ज्ञापन को लागू करते समय गिरफ्तार व्यक्ति से इसकी पावती ली जानी चाहिए।

अगस्त, 2022 में जारी हुए पिछले दिशानिर्देश के मुताबिक, जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में बताना होता था और गिरफ्तारी ज्ञापन में इसे दर्ज करना होता था।

नए निर्देश क्षितिज घिल्डियाल बनाम जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई), दिल्ली के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं।

म्यूचुअल फंड ने एनएफओ से 1.18 लाख करोड़ जुटाए

नई दिल्ली, एजेंसी। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने 2024 में 239 नई कोष पेशकश के जरिये 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें क्षेत्र या विषय पर आधारित इक्विटी फंड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे।

वर्ष 2023 में 212 एनएफओ के जरिये 63,854 करोड़ रुपये और 2022 में 228 एनएफओ के जरिये 62,187 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित वर्ष 2020 में 81 पेशकशों से एएमसी ने 53,703 करोड़ रुपये जुटाए थे। एनएफओ जारी करने की दर में तेजी का यह रुझान एक मजबूत वृद्धि पथ और निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। आमतौर पर एनएफओ बाजार में तेजी के माहौल में लाए जाते हैं जब निवेशकों की धारणा उच्च और आशावादी होती है।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 17 लाख करोड़ के करीब पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 15.88 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.90 लाख करोड़ रुपये रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के अनुसार, गैर-कंपनी कर संग्रह 8.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर कर शामिल है। चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह लगभग 7.68 लाख करोड़ रुपये रहा है। वहीं शुद्ध रूप से प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 44,538 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि के दौरान 3.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 'रिफंड' जारी किए गए। यह एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 42.49 प्रतिशत अधिक है। एक अप्रैल से 12 जनवरी के बीच सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़ा है।

यूको बैंक

आंचलिक कार्यालयः कृष्णा प्लाजा, C-2/6, डी–ब्लॉक, गंगा नगर, मवाना रोड, मेरठ

ई- नीलामी बिक्री सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना, ई–नीलामी 29.01.2025 को दोपहर 01.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (नं. 54/2002) के अन्तर्गत बैंक को प्रभारित अचल सम्पत्तियों की बिक्री चूकिं, यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न विवरणितानुसार बैंक की बकाया राशि प्लस ब्याज की वसूली हेतु **"जहाँ है जैसा है" के आधार पर तथा "जैसे है जो है के आधार पर एवं बिना किसी उपाय के आधार पर"** सम्पत्ति की बिक्री करने का अधिकार के साथ निम्न ऋण खाते में प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 की वित्तिय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निमाण और प्रवर्तन के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत सूचना जारी करके निम्र सम्पत्तियों पर कब्जा कर लिया है और चूंकि इस बकाया राशि का भुगतान न कर पाने के परिणाम स्वरूप, उक्त अधिनियम 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा की बकाया राशि को वसूलने का प्रस्ताव किया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.in** पर उपलब्ध करवाए गये ई–नीलामी प्लेटफार्म के जरिये की जायेगी।

चल/अचल सम्पति का विवरण

क्रं. सं.	शाखा एवं खातेदार का नाम	सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति स्वामी का नाम	डिमांड/कब्जे की तिथि व बकाया राशि	सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य एवं ई0एम0डी0 10%, बोली वृद्धि राशि	ए) निरिक्षण की तिथि व समय बी) ई–नीलामी की तिथि व समय	प्राधिकृत अधिकारी	शाखा के पते का विवरण
1.	**शाखाः मेरठ कॉलेज** ऋणकर्ताः 1. श्री ऋषि कक्कड़, 2. राम कुमार पता- 1: मकान नं. 226 ए, फेस 2, सोमदत्त विहार, मेरठ, जिला-मेरठ, यूपी-250004, पता- 2: फ्लैट नंबर 27, तीसरी मंजिल, प्रताप विहार मेरठ, यूपी- 250004	एक रिहायशी फ्लैट, बिना छत के तीसरी मंजिल पर, प्राइवेट नंबर 27, फ्लॉट नंबर सी-79, सी-80 और सी-78/1 का भाग, खसरा नंबर 2113, 2114 और 294, प्रताप विहार जिला मेरठ, यूपी, संपति के मालिक- श्री ऋषि कक्कड़ और श्री राम कक्कड़, बिक्री विलेख संख्या 2290 दिनांक 3-03-2017 के अनुसार बही नंबर 1, जिल्द नंबर 11968 पृष्ठ संख्या 103 से 138 पर पंजीकृत। सीमायेंः-पूर्व- फ्लॉट नंबर सी-80/1, पश्चिम- सामान्य मार्ग और सीढ़ी रास्ता 12 फीट, उत्तर- फ्लैट प्राइवेट नंबर 26, दक्षिण- सामान्य मार्ग और सीढ़ी और फ्लैट नंबर 28	12.02.2024 07.05.2024 रु. 10,77,252.60 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 9,99,000.00 रु. 1,00,000.00 रु. 10,000.00 सांकेतिक कब्जा	ए) 22.01.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे बी) नीलामी दिनांक 29.01.2025 समय दोपहर 01.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक	**कुमारी पूर्णिमा गर्ग सम्पर्कः 9462973821**	यूको बैंक, मेरठ कॉलेज, 81, पी.एल. शर्मा रोड, मेरठ उत्तर प्रदेश 250001 संपर्क नंबर– 8392907099 ई मेल– meecol@ucobank.co.in
2.	**शाखाः मेरठ कॉलेज** ऋणकर्ताः 1. श्री मनीष गुप्ता, 2. श्रीमती सुमन देवी, गारंटरः श्रीमती गीता रानी पत्नी स्व0 श्री विनोद गुप्ता, पता- 1: फ्लैट नंबर 28, तीसरी मंजिल, प्रताप विहार कॉलोनी, दिल्ली रोड, मेरठ, जिला-मेरठ, यूपी-250002, पता- 2: 151/6, चंद्र लोक साबुन गोदाम, बागपत रोड, मेरठ, जिला-मेरठ, यूपी- 250004	एक रिहायशी फ्लैट, बिना छत के तीसरी मंजिल पर, निजी नंबर 28, प्लॉट नंबर सी-79, सी-80 और सी-78/1 का भाग, खसरा नंबर 2113, 2114 और 294, प्रताप विहार जिला मेरठ, यूपी, संपत्ति के मालिक- मनीष गुप्ता पुत्र श्री विनोद गुप्ता और श्रीमती गीता पत्नी श्री विनोद गुप्ता, बिक्री विलेख संख्या 10279 दिनांक 04.12.2017 के अनुसार बही नंबर 1, जिल्द नंबर 12522 पृष्ठ संख्या 35 से 68 पर पंजीकृत। सीमायेंः- पूर्व- प्लॉट नंबर सी-80/1, पश्चिम- सामान्य मार्ग और सीढ़ी रास्ता 12 फीट, उत्तर- फ्लैट निजी नंबर 27, दक्षिण- सरस्वती लोक कॉलोनी।	12.02.2024 07.05.2024 रु. 10,87,705.86 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 9,99,000.00 रु. 1,00,000.00 रु. 10,000.00 सांकेतिक कब्जा			
3.	**शाखाः मेरठ कॉलेज** ऋणकर्ताः मैसर्स भारत कंस्ट्रक्शन पार्टनर 1. श्री शीशपाल वर्मा पुत्र श्री रघुवीर सिंह, 2. श्री रवीन्द्र वर्मा पुत्र श्री शीशपाल वर्मा, 3. श्री अरविन्द वर्मा पुत्र श्री शीशपाल वर्मा, 4. श्री दवेन्द्र वर्मा पुत्र श्री शीशपाल वर्मा, पता-ग्राम- ताहरपुर भभीसा, परगना- कांधला, तहसील व जिला- शामली, यूपी- 250401	1. एक आवासीय प्लॉट तथा उस पर भवन, क्षेत्रफल 225.72 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम ताहरपुर भबीसा, यूको बैंक के पास, परगना-कांधला, तहसील एवं जिला-शामली पिन-250401 (यूपी), श्री शीशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री रघुवीर सिंह के नाम, शीर्षक विलेख का विवरणः दस्तावेज संख्या 10298, बही संख्या 01, खंड संख्या 4436, पृष्ठ संख्या 127 से 140, दिनांक 29.09.2015 उप रजिस्ट्रार शामली के यहां पंजीकृत। 2. एक आवासीय प्लॉट तथा उस पर भवन, क्षेत्रफल 225.72 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम ताहरपुर भबीसा, यूको बैंक के पास, परगना- कांधला, तहसील और जिला- शामली पिन- 250401 (यू.पी.), श्री शीशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री रघुवीर सिंह के नाम। शीर्षक विलेख का विवरणः दस्तावेज़ संख्या 10371, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 4439, पृष्ठ संख्या 17 से 26, दिनांक 03.10.2015 उप रजिस्ट्रार शामली में पंजीकृत, संयुक्त सीमायेंः- उत्तर- श्री बलबीर की आवासीय संपत्ति, दक्षिण- उसी मालिक की आवासीय संपत्ति, पूर्व- अन्य की आवासीय संपत्ति, पश्चिम- 10.00 फीट चौड़ी सी.सी. लेन।	01.09.2017 13.11.2017 रु. 27,45,476.59 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 21,87,000.00 रु. 2,18,700.00 रु. 25,000.00 भौतिक कब्जा			
4.	**शाखाः बुलन्दशहर** ऋणकर्ताः मैसर्स पंजाब बीज एंड कंपनी, प्रोप- श्री श्याम गंभीर पुत्र श्री निहाल चंद पता मालवीय मार्ग, डिप्टी गंज, बुलन्दशहर-203001 गारंटरः 1 श्री रविंदर कुमार पुत्र श्री निहाल चंद, पता मकान नं. 88 चोपड़ा वाली गली, कृष्णा नगर, बुलन्दशहर-203001 2 श्रीमती बिंदू पत्नी श्री श्याम सुंदर गंभीर, पता मकान 88 चोपड़ा वाली गली, कृष्णा नगर, बुलन्दशहर-203001	एक व्यावसायिक दुकान (दुकान संख्या 493 और 494), मालवीय मार्ग, डिप्टी गंज, भड़ भुजो वाली गली, बुलंदशहर- 203001 (यूपी), क्षेत्रफल 25.15 वर्ग मीटर, श्री श्याम सुंदर गंभीर पुत्र श्री निहाल चंद के नाम, उप-पंजीयक बुलंदशहर के कार्यालय में पंजीकृत, सीमायेंः- पूर्वः अंबर सिनेमा रोड की चबूतरा, पश्चिमः गली 12 फीट चौड़ी, उत्तरः लियाकत की दुकान, दक्षिणः श्यामलाल की दुकान।	05.11.2019 04.03.2020 रु. 7,50,403.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 9,20,000.00 रु. 92,000.00 रु. 10,000.00 भौतिक कब्जा		**श्री अखिलेश कुमार संपर्कः 8299400299**	यूको बैंक, मोती बाग, सिविल लाइन्स बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश 203001 संपर्क नंबर– 8353944755 ई मेल– buland@ucobank.co.in
5.	**शाखाः मुज़फ्फरनगर** ऋणकर्ताः श्री अंकित कुमार पुत्र श्री हरपाल सिंह और श्रीमती भंवर काली पत्नी श्री हरपाल सिंह, पताः मकान नंबर/ प्लॉट नं. 85, जी सी पब्लिक स्कूल के पास, शिव नगर, कुकड़ा, मुजफ्फरनगर यूपी- 251001	एक आवासीय मकान के सभी भाग और पार्सल, स्थित प्लॉट नं. 85, निकट जी सी पब्लिक स्कूल, शिव नगर, कुकड़ा मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, संपति की मालिक- श्रीमती भंवर काली पत्नी श्री हरपाल सिंह, क्षेत्रफल 167.20 वर्ग मीटर, सीमायेंः-उत्तर- 20' चौड़ा रास्ता, दक्षिण- श्री कृष्णपाल का मकान, पूर्व- 15' चौड़ा रास्ता, पश्चिम- श्री राजपाल की संपत्ति।	11.07.2023 22.09.2023 रु. 7,06,209.38 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 34,30,000.00 रु. 3,43,000.00 रु. 35,000.00 सांकेतिक कब्जा		**श्री आशीष सिंह गौड संपर्कः 8400945000**	यूको बैंक कीर्ति निकेतन प्रकाश चौक मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251001 संपर्क नंबर –9833063674 ई मेल– muzaff@ucobank.co.in
6.	**शाखाः ताहरपुर भभीसा** श्री ओमपाल वर्मा पुत्र श्री सूरजमल, पता मकान नं. 183, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, फेस- 2, मेरठ गारंटरः श्री यशपाल वर्मा पुत्र श्री सूरजमल, पता मकान नं. 183, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, फेस- 2, मेरठ।	आवासीय मकान स्थित ताहरपुर भभीसा जिला शामली, ओमपाल वर्मा और यशपाल वर्मा के नाम, ताहरपुर भभीसा जिला शामली, क्षेत्रफल 301 वर्ग मीटर, जो उप-पंजीयक कार्यालय शामली में बुक नंबर 1 पंजीकरण संख्या 3972 दिनांक 06.04.2016 पर विधिवत पंजीकृत, सीमायेंः- पूर्वः गली, पश्चिमः जलालुद्दीन का मकान, उत्तरः गली और जिले सिंह का मकान, दक्षिणः पूनम वर्मा और कामाक्षी वर्मा की संपत्ति।	27.06.2019 27.11.2019 रु. 39,41,830.66 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 31,27,000.00 रु. 3,12,700.00 रु. 35,000.00 सांकेतिक कब्जा			यूको बैंक ग्राम–ताहरपुर भभीसा, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 247775 संपर्क नंबर– 9917840969 ईमेल– taharp@ucobank.co.in
7.	**शाखाः ताहरपुर भभीसा** पूनम वर्मा पत्नी ओमपाल वर्मा, पता मकान 183, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, फेस- 2, मेरठ गारंटरः कामाक्षी वर्मा पत्नी यशपाल वर्मा, पता मकान नं. 183, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, फेस- 2, मेरठ।	एक आवासीय मकान स्थित ताहरपुर भभीसा जिला शामली, पूनम वर्मा पत्नी ओमपाल वर्मा और कामाक्षी वर्मा पत्नी यशपाल वर्मा के नाम, क्षेत्रफल 156.22 वर्ग मीटर, उप-पंजीयक कार्यालय शामली में बुक संख्या 1 पंजीकरण संख्या 3972 दिनांक 07.04.2016 पर पंजीकृत, सीमायेंः- पूर्वः गली, पश्चिमः मल्लाह और जलालुद्दीन का मकान, उत्तरः ओमपाल वर्मा और यशपाल वर्मा का मकान, दक्षिणः कांधला बुढ़ाना रोड।	27.06.2019 27.11.2019 रु. 23,22,324.61 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 25,18,000.00 रु. 2,51,800.00 रु. 25,000.00 भौतिक कब्जा			
8.	**शाखाः सिविल लाइंस मुरादाबाद** मैसर्स आर.के. हैंडीक्राफ्ट, प्रोप- प्रेम प्रकाश शर्मा पुत्र बृज भूषण शर्मा, पता मंदिर वाली गली, जेल के पीछे सिविल लाइन्स, मुरादाबाद (यूपी) पिन- 244001 और श्री प्रेम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री बृजभूषण शर्मा, पता मंदिर वाली गली, जेल के पीछे, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद (यूपी) पिन- 244001 गारंटरः सुश्री नीलम शर्मा, श्री रजनीश शर्मा, श्री प्रेम प्रकाश शर्मा और श्री रजनीश शर्मा पुत्र प्रेम प्रकाश शर्मा, पता मंदिर वाली गली, जेल के पीछे सिविल लाइंस मुरादाबाद (यूपी) पिन- 244001	भूमि और भवन, श्रीमती किरण शर्मा (मृतक) पत्नी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा (कानूनी उत्तराधिकारी- श्री प्रेम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री बृज भूषण शर्मा, सुश्री नीलम शर्मा पुत्री श्री प्रेम प्रकाश शर्मा और श्री रजनीश शर्मा पुत्र श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, निवासी मंदिर वाली गली, जेल के पीछे, सिविल लाइन्स मुरादाबाद (यूपी) पिन- 244001) के नाम, स्थित मौहल्ला अशोक नगर, जेल मंदिर वाली गली के पीछे, मुरादाबाद (यूपी) क्षेत्रफल 47.78 वर्ग मीटर, उप-पंजीयक कार्यालय, मुरादाबाद दिनांक 12/10/2011, शीर्षक विलेख संख्या 7779 में पंजीकृत, सीमायेंः- पूर्वः श्री राजेंद्र शर्मा का मकान, पश्चिमः 2.20 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तरः श्री सुनील विश्नोई का मकान।	23.02.2023 28.04.2023 रु. 8,56,128.39 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 23,85,000.00 रु. 2,38,500.00 रु. 25,000.00 सांकेतिक कब्जा		**श्री विवेक कुमार संपर्कः 9459787369**	यूको बैंक पीलीकोठी गुड़हट्टी रोड सिविल लाइन्स मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001 संपर्क नंबर– 9147403880 ई मेल– morciv@ucobank.co.in

नियम व शर्ते :– 1. ई–नीलामी "जहाँ है जैसा है" तथा "जैसे है जो है के आधार पर" की जा रही है। 2 संपत्ति, नियम और शर्तों के विवरण के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट **https://baanknet.in** पर जाना होगा। 3. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट **https://baanknet.in** लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने में सहायता के लिए, विवरण अपलोड करने, बोली दस्तावेज, प्रशिक्षण/प्रदर्शन, ऑनलाइन इंटर के लिए नियम और शर्तें प्रस्तुत करने के लिए, बोली–प्रक्रिया आदि, के लिए जा सकता है। किसी भी संपत्ति से संबंधित प्रश्न के लिए आप ऊपर उल्लिखत प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। 3. इस नोटिस को प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 (1) के अन्तर्गत 15 दिनों की सांविधिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जायेगा। 4. संभावित खरीदार संपत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **https://baanknet.in** पर जा सकते है। 5. सरकार/ स्थानीय निकाय के कारण सांविधिक देय /देयता आदि की जानकारी नहीं है और सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा यदि कोई हो

नीलामी वेबसाइट **https://baanknet.in**

दिनांक : 13.01.2025 **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**